हृदय में राम बसे हैं संग में जानकी माता

हृदय में राम बसे हैं,
संग में जानकी माता,
बैठा खड़ताल बजाए,
भजन राम के गाता....

आठों याम, सुबह शाम,
राम की महिमा गाता,
राम नाम की मस्ती में,
सुध सारी बिसराता,
हृदय में राम बसे हैं....

संकट उबारे राम के,
संकटमोचन कहलाता,
प्रिय जो अति राम का,
जिसे दुलारती सीता माता,
हृदय में राम बसे हैं....

राम लखन मां सीता की,
जय जय कार लगाता,
जो लगाए जयकारा वीर का,
वो कृपा राम की पाता,
राजीव लगाए जयकारा वीर का,
वो कृपा सदा ही पाता,
हृदय में राम बसे हैं....

©राजीव त्यागी नजफगढ़

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/27905/title/hriday-me-ram-base-hai-sang-mein-janki-mata

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |